प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा
सत्र - 2021-22
विषय - विज्ञान
कक्षा - 8

समय - 2 घंटे 30 मिनट   पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

प्र.1. फसल के दानों को भूसे से अलग करना कहलाता हैं- 1

(क) सिंचाई (ख) निराई

(ग) थ्रेशिंग (घ) बुआई

प्र.2. अग्निरोधक प्लास्टिक का उदाहरण है- 1

(क) मेलामाइन (ख) पॉलिथीन

(ग) पी.वी.सी. (घ) नाइक्रोम

प्र.3. निम्न में से आघातवर्धनीय नहीं है - 1

(क) लोहा (ख) ऐलुमिनियम

(ग) पेंसिल लेड (घ) सिल्वर (चाँदी)

प्र.4. नैफ्थलीन की गोलियाँ बनाई जा सकती हैं- 1

(क) कोलतार से (ख) कोयले से

(ग) कोक से (घ) कोयला गैस से

प्र.5. पृथ्वी का वह भाग जहाँ सजीव पाये जाते हैं- 1

(क) जलमण्डल (ब) भूमण्डल

(ग) जैवमण्डल (घ) नभमण्डल

प्र.6. स्नेहक द्वारा घर्षण का मान - 1

(क) बढ़ जाता है। (ब) कम हो जाता है।

(ग) अधिक हो जाता है। (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्र.7. माध्य स्थिति के इधर-उधर या आगे-पीछे होने वाली गति को कहते है- 1

(क) आयाम (ब) आवृत्ति

(ग) कम्पन (घ) तरंग

प्र.8. प्रकाश उत्सर्जक डायोड (LED) के साथ जुड़े लम्बे तार को जोड़ा जाता है, बैटरी के - 1

(क) धन सिरे से (ब) ऋण सिरे से

(ग) धन या ऋण किसी से भी (घ) न धन से व न ऋण से

प्र.9. 26 जनवरी 2001 को भारत के जिस क्षेत्र में बड़ा भूकम्प आया था, वह क्षेत्र था- 1

(क) उत्तरी कश्मीर (ब) केन्द्रीय हिमालय

(ग) गुजरात के भुज में (घ) थार के रेगिस्तान में

प्र.10. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस पौधा-घर गैस नहीं हैं ? 1

(क) कार्बन-डाई-ऑक्साइड (ब) सल्फर डाइ-ऑक्साइड

(ग) मैथेन (घ) नाइट्रोजन

प्र.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - अंकभार - 1

(1) मिट्टी को उलटने-पलटने एवं पोला करने की प्रक्रिया.......................... कहलाती है। 1
(2) ....और................धातु नरम होते हैं और उन्हें चाकू से काटा जा सकता है। 1
(3) ....एक अप्रिय गन्ध वाला काला गाढ़ा द्रव होता है। 1
(4) किसी क्षेत्र विशेष में पाई जाने वाली स्पीशीज .... कहलाती है। 1
(5) नर युग्मक एवं मादा युग्मक के ....द्वारा जनन को लैंगिग जनन कहते है। 1

प्र.3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न अंकभार - 1

(1) फलीदार (लैग्यूमिनस) पौधों की जड़ों की ग्रन्थियों में पाये जाने वाले बैक्टीरिया का नाम लिखिए। 1
(2) उस अधातु का नाम लिखिए जिसका उपयोग उर्वरकों में पौधों की वृद्धि हेतु किया जाता है। 1
(3) अधिक व्यावसायिक महत्व के कारण 'पेट्रोलियम' किस नाम से जाना जाता हैं? 1
(4) लैगिंक जनन से क्या आशय हैं? 1
(5) दो ऐसे जन्तुओं के नाम लिखिए जिनमें अलैंगिक जनन मुकुलन द्वारा होता हैं? 1

खण्ड - ब अंकभार - 2

लघूत्तरात्मक प्रश्न :- (प्रश्न संख्या 4 से 13, शब्द सीमा 50 शब्द)

प्र.4. कॉलम I व कॉलम II का मिलान कीजिए - 2

कॉलम I	कॉलम II
(क) नाइट्रोजन स्थिरीकरण	(I) ब्रेड निर्माण
(ख) यीस्ट का उपयोग	(II) राइजोबियम
(ग) मादा एनाफ्लीज मच्छर	(III) खसरा
(घ) वायु द्वारा संचरण	(IV) मलेरिया

प्र.5. खाद्य पदार्थो का सचयन करने हेतु प्लास्टिक पात्रों के उपयोग के तीन प्रमुख लाभ बताइए। 2

प्र.6. संक्षेप में उत्तर दीजिए - 2
(1) कुछ आदिवासी वन (जगंल) पर निर्भर करते हैं। कैसे?
(2) वनोन्मूलन के कारक और उनके प्रभाव क्या हैं?

प्र.7. अलैगिंक जनन की परिभाषा लिखिए? जन्तुओं में अलैगिंक जनन के दो नाम लिखों। 2

प्र.8. व्याख्या कीजिए :- सर्पी घर्षण, स्थैतिक घर्षण से कम क्यों होता है। 2

प्र.9. निम्न वाद्ययंत्रों में उस भाग को पहचानिए जो ध्वनि उत्पन्न करने के लिए कम्पित होता हैं- 2

(क) ढोलक

(ख) सितार

(ग) बाँसुरी

प्र.10. आग लगने के समय फायरमैन पानी के हौज (पाइपों) का उपयोग करने से पहले उस क्षेत्र की मुख्य विधुत आपूर्ति को बन्द कर देते हैं। 2
व्याख्या कीजिए कि वे ऐसा क्यों करते हैं।

प्र.11. जब हम किसी आवेशित वस्तु को हाथ से छूते हैं तो वह अपना आवेश खो देती है, व्याख्या कीजिए। 2

प्र.12. तारामण्डल क्या होता है? किन्हीं दो तारामण्डलों के नाम लिखिए। 2

प्र.13. सी.एफ.सी. (CFC) का पूरा नाम लिखें। इसका उपयोग कहाँ किया जाता है? इससे होने वाली एक हानि का उल्लेख कीजिए। 2

खण्ड - स

दीर्घउत्तरीय प्रश्न (14-21) शब्द सीमा - 100 शब्द अंकभार - 3

प्र.14. नाइट्रोजन चक्र का चित्र बनाइए। 3

प्र.15. राणा गर्मियों के लिए कमीजें खरीदना चाहता है। उसे सूती कमीजे खरीदनी चाहिए या संश्लेषित? कारण सहित राणा को सलाह दीजिए। 3

प्र.16. निम्नलिखित के कारण दीजिए - 3

(क) कॉपर, जिंक को उसके लवण के विलयन से विस्थापित नहीं कर सकता।

(ख) सोडियम और पौटेशियम को मिट्टी के तेल में रखा जाता है।

प्र.17. वर्णन कीजिए। मृत वनस्पति से कोयला किस प्रकार बनता है? यह प्रकम क्या कहलाता हैं? 3

प्र.18. घर्षण को बढ़ाया और घटाया कैसे जा सकता हैं? उदाहरण देकर समझाइए। 3

प्र.19. विधुत साधित्रों का कभी भी गीले हाथों से अथवा गीले फर्श पर खड़े होकर स्पर्श नहीं करना चाहिए ? 3

प्र.20. घर के भीतर रहने की स्थिती में आप विधुत विसर्जन या तड़ित से किस प्रकार बचाव कर सकते हैं ? 3

प्र.21. तारे व ग्रह में अन्तर बताइए ? 3

(खण्ड – द) अंकभार – 4

प्र.22. खरपतवार क्या है ? हम उनका नियन्त्रण कैसे कर सकते हैं ? 4

अथवा

खाद व उर्वरक में क्या अन्तर हैं ?

प्र.23. वनोन्मूलन से वर्षा दर किस प्रकार कम हुई है ? समझाइए। 4

अथवा

वन्य जीवन का संरक्षण क्यों आवश्यक हैं ?

प्र.24. मानव वाक्यंत्र (कंठ) का चित्र बनाकर तथा इसके कार्य की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए। 4

अथवा

शोर प्रदूषण किसे कहते हैं ? इसके स्त्रोत, हानियाँ तथा सीमित रखने के उपाय लिखिए।

प्र.25. शुद्ध वायु तथा प्रदूषित वायु में अंतर स्पष्ट कीजिए । 4

अथवा

पौधा – घर प्रभाव का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए ।

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा
सत्र - 2021-22
विषय - विज्ञान

समय - 2 घंट 30 मिनट | कक्षा - 8 | पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड - अ | अंक भार - 1

प्र.1. फसल उत्पाद के दौरान मिट्टी में पोषक तत्वों के स्तर को बनाये रखने के लिए क्या मिलाते है ? 1

(अ) कीटनाशक (ब) बीज

(स) जल (द) खाद

प्र.2. निम्नलिखित में से जैव अनिम्नीकरणीय पदार्थ है ? 1

(अ) लकड़ी (ब) प्लास्टिक

(स) सब्जियों के छिलके (द) कागज

प्र.3. सोडियम धातु को सामान्य ताप पर जिस द्रव में रखते है वह है - 1

(अ) पेट्रोल (ब) जल

(स) मिट्टी का तेल (द) नींबू का रस

प्र.4. अक्षय प्राकृतिक संसाधन के उदाहरण है -

(अ) वन (ब) कोयला

(स) वायु (द) पेट्रोल

प्र.5. निम्नलिखित में से कौन से वन्य जंतु संकटापन्न स्पीशीज की श्रेणी में सम्मिलित है - 1

(अ) हाथी (ब) काले हिरण

(स) अजगर (द) उपर्युक्त सभी

प्र.6. घर्षण है- 1

(अ) शत्रु (ब) मित्र

(स) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

प्र.7. निम्न में से किस वाक ध्वनि की आवृति न्यूनतम होने की सम्भावना है- 1

(अ) छोटी लड़की की (ब) छोटे लड़के की

(स) पुरूष की (द) महिला की

प्र.8. आसुत जल में नमक घोलने के बाद यह विद्युत का ....हो जाता है- 1

(अ) हीन चालक (ब) सुचालक

(स) रासायनिक प्रभाव (द) कुछ नहीं

प्र.9. किसी भूकम्प की शक्ति के परिमाप को.......पर व्यक्त किया जाता है। 1

(अ) रिक्टर पैमाना (ब) थर्मामीटर

(स) स्केल (द) वर्नीयर कैलीपर

प्र.10. वायुमण्डल में सबसे अधिक मात्रा में पाई जाने वाली गैस है - 1

(अ) ऑक्सीजन (ब) नाइट्रोजन

(स) कार्बनडाइऑक्साइड (द) मीथेन

प्र.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - **अंकभार - 1**

(1) फसल उगाने से पहले प्रथम चरण मिट्टी की ....होती है। 1
(2) धातुऐ, अम्लों से अभिक्रिया कर ....गैस बनाती है। 1
(3) पेट्रोलियम के विभिन्न संघटको को पृथक करने का प्रक्रम ....कहलाता है। 1
(4) जैव विविधता के संरक्षण के उद्देश्य से .... क्षेत्र बनाये गये है। 1
(5) एक टैडपोल जिस प्रक्रम द्वारा वयस्क में विकसित होता है वह ....कहलाता है। 1

प्र.3. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न **अंकभार - 1**

(1) रबी फसल के दो-दो उदाहरण दीजिए । 1
(2) दो अधातु पदार्थो के नाम बताइए। 1
(3) PCRA का पूरा नाम लिखिए। 1
(4) सजीवों के लिए जनन क्यों महत्वपूर्ण है ? 1
(5) निषेचन के प्रकार लिखिए । 1

खण्ड - ब **अंकभार - 2**

लघूत्तरात्मक प्रश्न :- (प्रश्न संख्या 4 से 13, शब्द सीमा 50 शब्द)

प्र.4. कॉलम I के जीवों का मिलान कॉलम II मे दिए गए उनके कार्य से कीजिए - 2

कॉलम I	कॉलम II
(क) जीवाणु	(I) नाइट्रोजन स्थिरीकरण
(ख) राइजोबियम	(II) दही का जमना
(ग) लैक्टोबेसिलस	(III) ब्रेड की बेकिंग
(घ) यीस्ट	(IV) मलेरिया का कारक
(ड़) एक प्रोटोजोआ	(V) Aids का कारक
(च) एक विषाणु	(VI) हैजा का कारक
	(VII) प्रतिजैविक उत्पादित करना

प्र.5. पॉलीथीन क्या है ? 2

प्र.6. क्या होगा यदि 2

(क) मिट्टी की ऊपरी परत अनावरित हो जाए ?
(ख) वायुमण्डल में CO_2 की मात्रा बढ़ जाए ?

प्र.7. मनुष्य में निषेचन प्रक्रम को समझाइए। 2

प्र.8. चिकनी सतह पर दौड़ना कठिन क्यों होता है ? 2

प्र.9. आकाश में तड़ित तथा मेघगर्जन की घटना एक समय पर हमसे समान दूरी पर घटित होती है। हमे तड़ित पहले दिखाई देती है तथा मेघ गर्जन वाद में सुनाई देता है। क्या आप इसकी व्याख्या कर सकते है ? 2

प्र.10. सुचालक एवं हीन चालक में उदाहरण सहित अन्तर लिखिए ? 2

प्र.11. तड़ित से अपनी सुरक्षा के तीन उपाय बताइए। 2

प्र.12. क्या आकाश में तारे गति करते है। व्याख्या कीजिए। 2

प्र.13. वन महोत्सव क्या है ? 2

खण्ड स

दीर्घउत्तरीय प्रश्न – (प्रश्न संख्यां 14–21 तक) अंकभार – 3

प्र.14. खाद्य विषाक्तन से क्या आशय है ? समझाइए 3

प्र.15. उदाहरण देकर प्रदर्शित कीजिए कि प्लास्टिक की प्रकृति असंक्षारक होती है ? 3

प्र.16. क्या आप नींबू के अचार को एलुमिनियम पात्रो में रख सकते है ? स्पष्ट कीजिए। 3

प्र.17. समझाइए जीवाश्म ईंधन समाप्त होने वाले प्राकृतिक संसाधन क्यों हैं ? 3

प्र.18. घर्षण हानिकारक होते हुए भी आवश्यक क्यों होता है ? उदाहरण देकर समझाइए। 3

प्र.19. नींबू के रस में संपरक्षित्त के स्वतंत्र सिरों को डुबोते हैं तो चुम्बकीय सुई पर इससे क्या प्रभाव होता है ? 3

प्र.20. भूकम्प से बचाव के लिए क्या-क्या प्रयास करने चाहिए ? 3

प्र.21. कृत्रिम उपग्रह क्या है ? समझाइए। 3

खण्ड – द

निबन्धात्मक प्रश्न – 22 से 25 तक　　　　　　　　　　　　　　　　　अंक भार – 4

प्र.22. सिंचाई किसे कहते है ? जल संरक्षित करने वाली सिंचाई की दो विधियों का वर्णन कीजिए । 4

अथवा

कृषि कार्य में उपयोगी निम्न औजारों का वर्णन कीजिए।

(1) हल　　(2) कुदाली　　(3) कल्टीवेटर

प्र.23. निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए – 4

(क) वन्यप्राणी उद्यान व जैव मण्डल आरक्षित क्षेत्र

(ख) चिड़ियाघर व अभयारण्य

(ग) संकटापन्न एवं विलुप्त स्पीशीज

(घ) वनस्पतिजात एवं प्राणिजात

अथवा

वनोन्मूलन का निम्न पर क्या प्रभाव पड़ता है –

(क) वन्यप्राणी　　(ख) पर्यावरण

(ग) पृथ्वी　　(घ) अगली पीढ़ी

प्र.24. निम्नलिखित की व्याख्या करो – 4

(क) अवश्रव्य तरंगे　　(ख) श्रव्य तरंगे

(ग) पराश्रव्य तरंगे

अथवा

मानव कान (कर्ण) का चित्र बनाइए तथा ध्वनि के सुनने की प्रक्रिया को समझाइए ।

प्र.25. जल प्रदूषण के कारक, प्रभाव व रोकथाम के उपाय लिखिए ? 4

अथवा

आप स्वयं जल की बचत किस प्रकार कर सकते है ?

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा

सत्र - 2021-22

विषय - विज्ञान

समय - 2 घंटे 30 मिनट | कक्षा - 8 | पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड - अ | अंक भार - 2

प्र.1. निम्न में से कौन सा प्रति जैविक है ? 2.

अ. सोडियम बाई कार्बोनेट ब. स्ट्रेप्टोमाइसिन

स. एल्कोहल द. यीस्ट

प्र.2. निम्नलिखित में से किसको पीट कर पतली पतली चादरों में परिवर्तित किया जा सकता है ? 2.

अ. जिंक ब. फॉस्फोरस

स. सल्फर द. ऑक्सीजन

प्र.3. निम्न में से कौन सा जीवाश्म ईंधन है ? 2.

अ. कोयला ब. पेट्रोलियम

स. प्राकृतिक गैस द. उपर्युक्त सभी

प्र.4. आंतरिक निषेचन होता है ? 2.

अ. मादा के शरीर में ब. मादा के शरीर के बाहर

स. नर के शरीर में द. नर के शरीर के बाहर

प्र.5. चार बच्चों को लोटनिक, स्थैतिक तथा सर्पी घर्षण के कारण बलों को घटते क्रम में व्यवस्थित करने को कहा गया। इसकी व्यवस्था नीचे दी गई है, सही व्यवस्था का चयन कीजिए। 2.

अ. लोटनिक, स्थैतिक तथा सर्पी ब. सर्पी, स्थैतिक तथा लोटनिक

स. स्थैतिक, सर्पी तथा लोटनिक द. सर्पी, स्थैतिक तथा लोटनिक

प्र.6. ध्वनि संचरित हो सकती है : 2.

अ. केवल वायु या गैसों में ब. केवल ठोसों में

स. केवल द्रव्यों में द. ठोसों, द्रव्यों और गैसों में

प्र.7. दो द्रव्यों A तथा B के विद्युत चालक की जांच करने के लिए एक संपरीक्षित्र का प्रयोग किया गया। यह देखा गया कि संपरीक्षित्र का बल्ब द्रव्य A के लिए चमकीला दीप्त हुआ जबकि द्रव्य B के लिए अत्यंत क्षीण दीप्त हुआ। आप निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि 2.

अ. द्रव्य A, द्रव्य B से ज्यादा चालक है।

ब. द्रव्य B, द्रव्य A से ज्यादा चालक है।

स. दोनों द्रव्यों की चालकता समान है।

द. द्रव्यों की चालकता के गुणों की तुलना इस प्रकार नहीं की जा सकती।

प्र.8. निम्न लिखित में से किसे घर्षण द्वारा आसानी से आवेशित नहीं किया जा सकता ? 2.

अ. प्लास्टिक का पैमाना ब. तांबे की छड़

स. फुला हुआ गुब्बारा द. ऊनी वस्त्र

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो

प्र.9. सूर्य से सबसे अधिक दूरी वाला ग्रह....................है। 2

प्र.10. एक स्थान पर एक ही प्रकार के बड़ी मात्रा में उगाए गए पौधों को...........कहते हैं ? 2

प्र.11. संश्लेषित रेशे..........अथवा..........रेशे भी कहलाते हैं। 2

प्र.12. सोडियम और पोटेशियम को मिट्‌टी के तेल में क्यों रखा जाता है। 3

प्र.13. सूक्ष्म जीवों के मुख्य वर्ग कौन-कौन से हैं। 3

प्र.14. रेड डाटा पुस्तक क्या है। 3

प्र.15. कायांतरण किसे कहते हैं। 3

प्र.16. क्या शुद्ध जल विद्युत का चालन करता है, यदि नहीं तो इसे चालक बनाने के लिए हम क्या कर सकते हैं ? 3

प्र.17. तड़ित से अपनी सुरक्षा के तीन उपाय सुझाइये। 3

प्र.18. तारों के बीच की दूरियों को प्रकाश वर्ष में क्यों व्यक्त करते हैं, इस कथन से क्या तात्पर्य है। 3

प्र.19. पौधों पर प्रभाव का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए। 5

प्र.20. स्पष्ट कीजिए, उरर्वक कवाद से किस प्रकार भिन्न है ? 5

प्र.21. थर्मो प्लास्टिक तथा थर्मो सेटिंग प्लास्टिक के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.22. वर्णन कीजिए, मृत वनस्पति से कोयला किस प्रकार बनता है। 5

प्र.23. फैक्ट्रियों एवं आवास की मांग की आपूर्ति हेतु वनों की अनवरत कटाई हो रही है। क्या इन परियोजनाओं के लिए वृक्षों की कटाई न्यायसंगत है।इस पर चर्चा कीजिए तथा संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

प्र.24. (अ) समझाइए, जीवाश्म ईंधन समाप्त होने वाले प्राकृतिक संसाधन क्यों हैं।
(ब) शुद्ध वायु तथा प्रदूषित वायु में अंतर स्पष्ट कीजिए। 7

प्र.25. (अ) कोरोना वायरस बीमारी 2019 (कोविड-19) क्या है।
(ब) कोरोना वायरस बीमारी 2019 (कोविड-19) का संक्रमण किस प्रकार होता है। 7

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा

सत्र - 2021-22

विषय - विज्ञान

कक्षा - 8

समय - 2 घंटे 30 मिनट | पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड - अ | अंक भार - 2

प्र.1. रेयान एक संश्लेषित रेशा नहीं है, क्योंकि : 2

अ. इसका रूप रेशम समान होता है।

ब. इसे काष्ठ लुगदी से प्राप्त किया जाता है।

स. इसके रेशों को प्राकृतिक रेशों के समान बुना जा सकता है।

द. उपरोक्त सभी।

प्र.2. निम्न लिखित में से कौन सा कथन सही है ? 2

अ. सभी धातुएं तन्त्र होती हैं।

ब. सभी अधातुएं तन्त्र होती हैं।

स. सामान्यत: धातुएं तन्त्र होती हैं।

द. कुछ धातुएं तन्त्र होती हैं।

प्र.3. एक टैडपोल जिस प्रकार प्रक्रिया द्वारा वयस्क में विकसित होता है, वह है: 2

अ. निषेचन ब. कायांतरण

स. रोपण द. मुकुलन

प्र.4. निम्न में से किस वाक् ध्वनि की आवृत्ति न्यूनतम होने की संभावना है। 2

अ. छोटी लड़की की ब. छोटे लड़के की

स. पुरुष की द. महिला की

प्र.5. निम्न लिखित में से कौन विद्युत का हीन चालक है ? 2

अ. नींबू का रस ब. जल

स. लोटा द. आसुत जल

प्र.6. जब कांच की छड़ को रेशम के कपड़े से रगड़ते हैं तो छड़ : 2

अ. तथा कपड़ा दोनों धनावेश अर्जित कर लेते हैं।

ब. धनावेशित हो जाती है तथा कपड़ा ऋणावेशित हो जाता है।

स. तथा कपड़ा दोनों ऋणावेश अर्जित कर लेते हैं।

द. ऋणावेशित हो जाती है तथा कपड़ा धनावेशित हो जाता है।

प्र.7. निम्न लिखित में से कौन सा सौर परिवार को सदस्य नहीं है ? 2

अ. क्षुद्र ग्रह ब. उपग्रह

स. तारामंडल द. धूमकेतु

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

प्र.8. वाहनों के लिए सबसे कम प्रदूषक ईंधन........................है। 2

प्र.9. किसी क्षेत्र विशेष में पाई जाने वाली स्पीशीज कहलाती............. है। 2

प्र.10. कैरम बोर्ड पर पाउडर छिड़कने से घर्षण................हो जाता है। 2

प्र.11. किसी विलयन से विद्युत धारा प्रवाहित होने पर..........प्रभाव उत्पन्न होता है। 2

प्र.12. सिंचाई किसे कहते हैं, जल संरक्षित करने वाली सिंचाई की दो पद्धतियों का वर्णन कीजिए। 3

प्र.13. खेत में लगातार फसल उगाने से मिट्‌टी पर क्या प्रभाव पड़ता है ? व्याख्या कीजिए। 3

प्र.14. कोक के अभिलक्षणों और अपयोगों का वर्णन कीजिए। 3

प्र.15. व्याख्या कीजिए, सर्पी घर्षण, स्थैतिक घर्षण से कम क्यों होता है ? 3

प्र.16. भारत के उन तीन राज्यों (प्रदेशों) की सूची बनाइए, जहां भूकंपों के झटके सबसे अधिक संभावित हैं ? 3

प्र.17. मान लीजिए, आप घर से बाहर हैं तथा भूकंप के झटके लगते हैं, आप अपने बचाव के लिए क्या सावधानी बरतेंगे ? 3

प्र.18. ताजमहल की सुंदरता पर बढ़ते संकट पर प्रकाश डालिए। 3

प्र.19. क्या आकाश में तारे गति करते हैं ? वर्णन कीजिए। 5

प्र.20. क्या तेज वर्षा के समय किसी लाइनमैन के लिए बाहरी मुख्य लाइन के विद्युत तारों की मरम्मत करना सुरक्षित होता है। व्याख्या कीजिए। 5

प्र.21. वनोन्मूलन से वर्षा दर किस प्रकार कम हुई है ? समझाइए। 5

प्र.22. आप अपने शहर की नगर पालिका के सदस्य हैं। ऐसे उपायों की सूची बनाइए, जिससे शहर के सभी निवासियों को स्वच्छ जल की आपूर्ति हो सके। 5

प्र.23. अलैंगिक जनन की परिभाषा दीजिए, जंतुओं में अलैंगिक जनन की दो विधियों का वर्णन कीजिए। 5

प्र.24. अ. अपने वातावरण में ध्वनि प्रदूषण के स्रोतों की सूची बनाएं।
ब. वर्णन कीजिए कि ध्वनि प्रदूषण मानव के लिए किस प्रकार हानिकारक है। 7

प्र.25. क्या होता है जब :
अ. तनु सल्फ्यूरिक अम्ल कॉपर प्लेट पर डाला जाता है ?
ब. लोहे की कील, कॉपर सल्फेट के विलयन में रखी जाती है।
संबंधित अभिक्रियाओं के शब्द समीकरण लिखिए। 7

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा

सत्र - 2021-22

विषय - विज्ञान

कक्षा - 8

समय - 2 घंटे 30 मिनट — पूर्णांक - 80 अंक

निर्देश :-

1. प्रश्न पत्र में कुल 24 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड - अ — अंक भार - 2

प्र.1. पॉलिकॉट किन पदार्थों का मिश्रण है ? — 2

अ. पॉलिस्टर और ऊन — ब. पॉलिस्टर और कपास

स. पौधे और जंतु — द. काष्ठ लुगदी और रासायनिक पदार्थ

प्र.2. एक युग्मनज में पाए जाने वाले केंद्रकों की संख्या होती है : — 2

अ. कोई नहीं — ब. एक

स. दो — द. चार

प्र.3. मलेरिया परजीवी का वाहक है — 2

अ. मादा एनाफिलीज मच्छर — ब. कॉकरोच

स. घरेलू मक्खी — द. तितली

प्र.4. निम्न लिखित में सो कौन सूर्य का ग्रह नहीं है : — 2

अ. सीरियस — ब. बुध

स. शनि — द. पृथ्वी

प्र.5. निम्न लिखित में से कौन सी पौधा घर गैस नहीं है : — 2

अ. कार्बन डाई ऑक्साइड

ब. सल्फर डाई ऑक्साइड

स. मिथेन

द. नाइट्रोजन

प्र.6. 'स्कर्वी' बीमारी किसकी कमी से होती है ? — 2

अ. विटामिन ए — ब. विटामिन बी

स. विटामिन सी — द. विटामिन डी

प्र.7. स्वस्थ मनुष्य के शरीर का तापमान होता है - — 2

अ. 110 डिग्री सेंटिग्रेट — ब. 50 डिग्री सेंटिग्रेट

स. 20 डिग्री सेंटिग्रेट — द. 37 डिग्री सेंटिग्रेट

प्र.8. आयोडीन की कमी से कौन सी बीमारी होती है ? — 2

अ. रिकैट्स — ब. 'बेरी-बेरी'

स. गायोटिर — द. रतौंधी

उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

प्र.9. किसी वस्तु द्वारा एक दोलन के पूरा करने में लिए गए समय को.......कहते हैं। 2

प्र.10. प्रबलता कंपन के........से निर्धारित की जाती है। 2

प्र.11. आवृत्ति का मात्रक........है। 2

प्र.12. सूक्ष्म जीवों द्वारा होने वाले हानिकारक प्रभावों का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 3

प्र.13. प्रति जैविक क्या है, प्रति जैविक लेते समय कौन सी सावधानियां रखनी चाहिए ? 3

प्र.14. राणा गर्मियों के लिए कमीजें खरीदना चाहता है, उसे सूती कमीजें लेनी चाहिए या संश्लेषित ? कारण सहित बताइए। 3

प्र.15. 'जहां तक संभव हो, प्लास्टिक के उपयोग से बचिए', इस कथन पर सलाह दीजिए। 3

प्र.16. अपने स्थानीय क्षेत्र में हरियाली बनाए रखने के लिए आप किस प्रकार योगदान दे सकते हैं ? अपने द्वारा की जाने वाली क्रियाओं की सूची तैयार कीजिए। 3

प्र.17. खिलाड़ी कीलदार जूते (स्पाइक्स) क्यों पहनते हैं ? व्याख्या कीजिए। 3

प्र.18. वर्णन कीजिए, घर्षण प्रकार शत्रु एवं मित्र दोनों हैं। 3

प्र.19. पेट्रोलियम निर्माण के प्रक्रम को विस्तार से समझाइए। 5

प्र.20. हमें कागज की बचत क्यों करनी चाहिए ? उन कार्यों की सूची बनाइए, जिनके द्वारा आप कागज की बचत कर सकते हैं। 5

प्र.21. आवेशित गुब्बारा दूसरे आवेशित गुब्बारे को प्रतिकर्षित करता है जबकि अनावेशित गुब्बारा आवेशित गुब्बारे द्वारा आकर्षित किया जाता है, व्याख्या कीजिए। 5

प्र.22. तारामंडल क्या होता है ? किन्हीं दो तारामंडलों के नाम लिखिए। 5

प्र.23. अ. यदि गेहूं को खरीफ फसल में उगाया जाए तो क्या होगा, चर्चा कीजिए।
ब. खरपतवार क्या है। हम इसका नियंत्रण कैसे कर सकते हैं ? 7

प्र.24. अ. एक दोलक 4 सैकिंड में 40 बार दोलन करता है, इसका आवर्त काल तथा आवृत्ति ज्ञात कीजिए।
ब. शोर तथा संगीत में क्या अंतर है ? क्या कभी संगीत शोर बन सकता है ? 7

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा

सत्र – 2021–22

विषय – विज्ञान

कक्षा – 8

समय – 2 घंटे 30 मिनट पूर्णांक – 80 अंक

निर्देश :–

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड – अ अंक भार – 2

प्र.1. मिट्टी में पोषक स्तर को बनाए रखने के लिए मिलाया जाता है : 2

अ. बीज ब. खाद

स. कीटनाशक द. जल

प्र.2. बुवाई के लिए काम आने वाला उपकरण है : 2

अ. ढेंकली ब. हार्वेस्टर

स. कॉम्बाइन मशीन द. सीड ड्रिल

प्र.3. किसी गैस के कारण 'पॉप' ध्वनि उत्पन्न होती है : 2

अ. ऑक्सीजन ब. हाइड्रोजन

स. नाइट्रोजन द. ओजोन

प्र.4. मौसम परिवर्तन के कारण प्राणियों पर एक निश्चित समय पर सुदूर क्षेत्रों में जाना क्या कहलाता है ? 2

अ. स्थानांतरण ब. प्रस्थान

स. प्रवास द. इनमे से कोई नहीं।

प्र.5. शरीर के किसी भाग में शिशु का विकास होता है : 2

अ. अंडवाहिनी ब. वृषण

स. अंडाशय द. गर्भाशय

प्र.6. हम किस संरचना-भाग में कंपन के कारण सुन पाते हैं ? 2

अ. डॉयफ्रॉम ब. कर्ण पटल

स. कंठ द. वाक् तंतु

प्र.7. लोहे को संदारण तथा जंग लगने से बचाने के लिए लोहे पर किस की परत निक्षेपित की जाती है ? 2

अ. कैल्शियम ब. कॉपर

स. जिंक द. सोडियम

प्र.8. ब्रैल लिपि के जनक कौन हैं ? 2

अ. लुई पाश्चर ब. लुई ब्रैल

स. चार्ल्स बेवेज द. इनमें से कोई नहीं।

प्र.9. 'शिकारी' नाम से प्रसिद्ध तारामंडल है : 2

अ. ग्रेट बियर ब. ओरॉयन

स. कैसियोपिया द. लियोमेतर

प्र.10. 'वन महोत्सव' किस माह में आयोजित किया जाता है ? 2

अ.	जुलाई	ब.	जनवरी
स.	अगस्त	द.	सितंबर

प्र.11. मोमबत्ती की ज्वाला को कितने क्षेत्रों में बांटा जाता है ? 2

अ.	4	ब.	3
स.	2	द.	1

प्र.12. केंचुआ किसानों का मित्र क्यों है ? 3

प्र.13. प्लास्टिक के दो गुण या विशेषताएं बताएं। 3

प्र.14. 'तन्यता' किसे कहते हैं ? 3

प्र.15. 'वनस्पति जगत' तथा 'प्राणी जगत' के दो-दो उदाहरण दीजिए। 3

प्र.16. शुक्राणु और अंडाणु में एक समानता और एक असमानता बताइए। 3

प्र.17. अधिकांश मशीनों में बॉल बियरिंग का उपयोग क्यों किया जाता है ? 3

प्र.18. ध्वनि के दो महत्वपूर्ण गुण बताइए। 3

प्र.19. बहुलक किसे कहते हैं, दो पादप बहुलकों के नाम लिखें। 5

प्र.20. जागरूक नागरिक होने के नाते आप वाहन चालकों को ईंधन बचाने के लिए क्या-क्या सुझाव देंगे ? 5

प्र.21. हरी पत्तियों के ढेर को जलाना कठिन होता है, परंतु सूखी पत्तियों में आग आसानी से लग जाती हैं, समझाइए। 5

प्र.22. विशेष क्षेत्री प्रजाति से क्या आशय है, समझाइए। 5

प्र.23. यदि माद के शरीर से अंडवाहिनियां हटा दी जाएं तो जनन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ? 5

प्र.24. अ. ध्वनि की प्रबलता क्या है।
ब. आलू की चालकता का परीक्षण कैसे करेंगे ? आरेख बना कर दर्शाइए। 7

प्र.25. अ. ग्रह और उल्का पिंडों के बीच दो अंतर बताइए।
ब. सौर परिवार का आरेख बनाइए। 7

प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण–पत्र परीक्षा

सत्र – 2021–22

विषय – विज्ञान

समय – 2 घंटे 30 मिनट | कक्षा – 8 | पूर्णांक – 80 अंक

निर्देश :–

1. प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

खण्ड – अ | अंक भार – 2

प्र.1. फलीदार पौधों की फसल से भूमि में जिस तत्व की मात्रा बढ़ जाती है, वह है : 2

अ. पोटाश ब. नाइट्रोजन

स. फॉस्फोरस द. अमोनिया

प्र.2. थ्रेसिंग से क्या तात्पर्य है : 2

अ. मिट्टी को पोला करना ब. खरपतवार हटाना

स. खेत में जल देना द. बीजों को भूसे से अलग करना

प्र.3. अग्निरोधक प्लास्टिक का उदाहरण है : 2

अ. मेलामाइन ब. पॉलिथीन

स. पीवीसी द. नाइट्रोजन

प्र.4. नैफ्थलीन की गोलियां बनाई जा सकती हैं : 2

अ. कोलतार से ब. कोयले से

स. कोक से द. कोयला गैस से

प्र.5. मोमबत्ती की ज्वाला से सबसे बाहरी क्षेत्र का रंग होता है : 2

अ. काला ब. पीला

स. लाल द. नीला

प्र.6. भारतीय विशाल गिलहरी का नाम है : 2

अ. विसन ब. किसन

स. रतन द. कोई नहीं

प्र.7. अलैंगिक जनन मुकुलन द्वारा होता है 2

अ. अमीबा में ब. पैरामीशियम में

स. हाइड्रा में द. प्लाज्मोडियम में

प्र.8. स्नेहक द्वारा घर्षण का नाम मान – 2

अ. बढ़ जाता है ब. कम हो जाता है

स. अप्रभावित रहता है द. इनमें से कोई नहीं

प्र.9. व्यस्त यातायात में ध्वनि प्रबलता होती है – 2

अ. 30 डीबी ब. 60 डीबी

स. 70 डीबी द. 90 डीबी

प्र.10. भारत के अति भूकंप आशंकित क्षेत्र हैं : 2

अ. कश्मीर शहर ब. पश्चिमी तथा केंद्रीय हिमालय

स. द.

प्र.11. मानव नेत्र के किस भाग पर किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनाता है ? 2

अ. कॉर्निया ब. परितारिका

स. पुतली द. रेटिना

प्र.12. एन पी के (N P K) से क्या आशय है ? 3

प्र.13. शुक्राणु में पूंछ किस काम आती है ? 3

प्र.14. दहन किसे कहते हैं। 3

प्र.15. क्या नॉइलान के रेशे सचमुच इतने मजबूत होते हैं कि हम उससे पैराशूट और चट्टानों पर चढ़ने की रस्सी का निर्माण कर सकते हैं ? 3

प्र.16. चार संकटापन्न जंतुओं के नाम लिखिए। 3

प्र.17. विद्युत धारा का रसायनिक प्रभाव क्या है ? 3

प्र.18. दो जीवाश्म ईंधन के नाम लिखिए। 3

प्र.19. ऐक्रिलिक क्या है ? इसका क्या उपयोग है ? 5

प्र.20. आप किस प्रकार सिद्ध करेंगे कि रसायनिक दृष्टि से सिलवर, कॉपर से कम अभिक्रियाशील है ? 5

प्र.21. जैव मंडल से क्या आशय है ? जैव मंडल आरक्षित क्षेत्र में क्यों बनाए जाते हैं ? 5

प्र.22. अलैंगिक जनन और लैंगिक जनन में अंतर स्पष्ट कीजिए ? 5

प्र.23. नेत्र के अंदर लैंस की फोकस दूरी कैसे बदलती रहती है ? 5

प्र.24. अ. पृथ्वी के अंदर भू-कंपन के क्या कारण हो सकते हैं ?

ब. पृथ्वी की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए। 7

प्र.25. अ. कृत्रिम उपग्रह क्या है ?

ब. सप्तर्षि तारामंडल के प्रमुख तारों की आपेक्षिक स्थितियां दर्शाने के लिए आरेख खींचिए। 7